# ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश, बालक के शव की हुई शिनाख्त

## आरोपी कातिल माँ व आशिक गिरफ्तार



बेटे की हत्यारी मां और प्रेमी पुलिस टीम के साथ।

■ मृत बालक की माँ की प्रेम कहानी बनी हत्याकांड की वजह

**अजमेर,** (कासं)। कहते है की बेटा कपूत हो सकता है, लेकिन माँ कभी कुमाता नही हो सकती है, एक बेटा अपनी माँ को सबसे ज्यादा सुरक्षा का कवच मानता है, लेकिन एक माँ ने अपने आशिक के साथ मिलकर अपने ही जिगर के टुकडे की बेरहमी से हत्या कर उसे मौत के घाट उतारकर माँ शब्द को कलंकित कर दिया। केकडी जिले के भिनाय पुलिस थाना क्षेत्र स्थित गांव राममालिया में रहने वाली आरोपित संगीता पत्नी नाथू रेगर टाँटोटी पुलिस थाना सराना केकडी निवासी लालाराम के साथ मिलकर संगीता ने अपनी प्रेम कहानी में रोडा बन रहे अपने ही बेटे की हत्या कर उसे रास्ते से हटा दिया।

राममालिया गांव में रहने वाली संगीता रेगर ने टॉटोटी निवासी लालाराम पुत्र लादूराम बैरवा को अपना दिल दे बैठी ओर धीरे-धीरे दोनों की प्रेम कहानी परवान चढने लगी, लेकिन संगीता की प्रेम कहानी में रोडा बन रहे अपने ही पुत्र को रास्ते से हटाने की टान ली ओर अपने आशिक लालाराम के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली ओर संगीता अपने करीब दस वर्षीय बेटे को अपने साथ लेकर नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के मोतीपुरा गांव के पास लाकर उसकी बेरहमी से हत्या कर उसे रास्ते से हटाकर अपने आशिक लालाराम के साथ संगीता को विजयनगर के इंदिरा कॉलोनी से पकडने में सफलता हासिल की।

**यह है घटनाक्रम:-** जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर चूनाराम जाट ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा किया। पत्रकारों को एसपी जाट ने बताया कि 28 नवंबर को समय 7:30 बजे मोबाईल फोन पुलिस थाना नसीराबाद सदर पर सूचना मिली कि विष्णुमोदी की पत्थर फैक्ट्री के सामने भीलवाडा अजमेर 6 लाइन हाईवे व मोतीपुरा रेल्वेलाइन के बीच अंग्रेजी बम्बूलो में एक आदमी पड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा एवं अग्रिम मौके कार्यवाही करते हुए अज्ञात मृतक बालक उम्र 10 व 11 वर्ष के शव को नसीराबाद अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया। उक्त अज्ञात बालक की शिनाख्त एवं पहचान के प्रयास किये गये तो आसपास एवं गावं के ग्रामीणों ने उक्त बालक को अपने गांव का निवासी होना नहीं बताया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में शिनाख्त के प्रयास किए। 29 नवंबर को देर रात्रि तक मृत बालक की शिनाख्त नहीं होने से झड़वासा चौकी इंचार्ज नारायण सिंह ने लिखित रिपोर्ट पर हस्तगत घटनाक्रम के संबंध में हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी जाट के निर्देशों पर गठित टीम मामले की जांच में जुट गई।

**यूं चढ़े हत्थे:-** मौके पर डॉग स्क्वायड टीम एवं एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। वृत स्तर एवं थाना से गठित टीमों ने पारम्परिक पुलिसिंग एवं तकनीकी सहायता एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर लाश शिनाख्तगी कर 12 घंटे के अन्दर हत्या की वारदात का पर्दा फाश कर हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी मृत बालक की आरोपी मां एवं आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में संगीता पत्नी नाथू रेगर निवासी गाँव राममालिया पुलिस थाना भिनाय जिला केकड़ी व लालाराम पुत्र लादूराम बैरवा निवासी गाँव टाटोटी पुलिस थाना सराना जिला केकड़ी है।

**मां की प्रेम कहानी में रोड़ा बन रहा था बेटा:-** एसपी जाट ने बताया कि अज्ञात मृत बालक के फोटोग्राफ एवं घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर एवं एवं विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम व तकनीकी सहायता के माध्यम से मृत बालक की लाश की शिनाख्तगी कर मृत बालक की मां के घटना के समय से ही घर से गायब होने पर तकनीकी सहायता एवं मामूर मुखबिर की सहायता एवं आस पास पूछताछ पर आरोपी मृत बालक की मा एवं उसके प्रेमी को इंदिरा कोलोनी विजयनगर से दस्तयाब किया गया। बालक के सनसनीखेज हत्याकाण्ड का कारण मृत बालक की मां का प्रेमी के साथ प्रेम प्रसंग एवं प्रेम प्रसंग में रोडा बने अपने पुत्र को रास्ते से हटाना रहा।

## युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**अजमेर,** (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन फंदे से उतारकर जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आदर्श नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। मृतक के पिता ने कहा कि पिछले तीन माह से बेटा डिप्रेशन था। आदर्श नगर थाना पुलिस सुसाइड के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र के पुराना बड़गांव आदर्श नगर निवासी कमल किशोर हंसवाला पुत्र प्रकाश चंद सेन ने गुरुवार देर रात अपने घर पर कमरे में पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसकी पत्नी सीमा ने जब देखा तो घर में हड़कंप मच गया। परिजन ने युवक को फंदे से उतारकर जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक के शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर शुक्रवार सुबह पहुंची पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

मृतक कमल किशोर के पिता प्रकाश चंद सेन ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सैलून का काम करता था। इसके साथ ही वह बीसी संचालित करता था। लोगों ने पैसा उठाने के बाद उसे चुकाया नहीं, इसके बाद से वह कर्ज में होने के कारण 3 माह से डिप्रेशन में चल रहा था। डिप्रेशन में आकर ही उसने सुसाइड किया है। पुलिस सुसाइड के कारणों को लेकर जांच में जुट गई है।

## सार-समाचार

### प्रत्याशियों ने किया देव दर्शन

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा विधानसभा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस - भाजपा व बसपा में कड़ी टक्कर को लेकर तीनों दलों द्वारा चुनावी गणित लगाकर यह कयास लगाया जा रहा है कि.. कौन जीतेगा? मसूदा विधानसभा सीट पर आर पार की चुनावी लड़ाई देखी जा रही है । ओरिया संदेश भी सुनाई दे रहा है कि जो भी हारेगा अगली बार उसका टिकट भी कटेगा राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस अपनी जीत हार का अंतर खोजने में लगे होकर कयास लग रहे हैं। और अपनी अपनी जीत को लेकर देव दर्शन भी कर रहे हैं मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भाजपा उत्साहित है तो कांग्रेस इसे गारंटी योजना को जोड़कर देख रही है । आमजन से बात करने में कोई भी कहने से बच रहा है और 3 तारीख को मतगणना की कह कर इंतजार करिए का संदेश दे रहे हैं। दिसम्बर राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के मसूदा (104) विधानसभा क्षेत्र में राजनैतिक पंडितो द्वारा किए परिणामों के सर्वे में भाजपा के वीरेन्द्र सिंह कानावत अव्वल आकर विजयी हो रहे है।पंचायत समिति मसूदा के अधीन 40 ग्राम पंचायतों में भाजपा प्रत्याशी को लगभग 32410 भिनाय प.स. की 25 ग्राम पंचायतों से 23350 एवं नगर पालिका क्षेत्र बिजयनगर से 6000 वोट लेकर कुल 61760 वोट प्राप्त कर जीत हासिल कर रहे है।ऐसे में द्वितीय स्थान निकटतम प्रतिद्वंदी के लिए कांग्रेस के राकेश पारीक एवं ब स पा के वाजिद खान चीता में मुकाबला ठना है।

### दीपावली स्नेह मिलन संपन

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह वैशालीनगर स्थित क्रेजी टेल रेस्टोरेंट पर क्लब उपाध्यक्ष लायन हनुमान गर्ग की अध्यक्षता में अयोजित किया गया। एडिशनल डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के सदस्यो ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। मनोरंजक गेम्स एवम् हाउजी गेम्स खेलें गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन अमितप्रभा शुक्ला थी। क्लब सचिव लायन सुनील शर्मा ने सचिवीय प्रतिवेदन के मार्फत क्लब के सेवा कार्यों से सदन को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष लायन विनय गुप्ता ने आय व्यय का ब्योरा पेश किया। लायन सीमा शर्मा ने ध्वज वंदना पढ़ी। इससे पूर्व अतिथियों ने मेल्विन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन लायन गजेंद्र पंचोली ने किया । लायन आभा गांधी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। आभार लायन राजेश बोहरा ने व्यक्त किया।

### प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा-2023 (कॉलेज शिक्षा विभाग) के ऐच्छिक विषयों के प्रश्न-पत्रों का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षाओ के तहत 51 ऐच्छिक विषयों के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न-पत्रों की परीक्षां का आयोजन 17 मार्च से 2 जून 2024 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाना प्रस्तावित है। तृतीय प्रश्न पत्र ''जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान'' की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया जाना संभावित है।

### 7 व 8 को साक्षात्कार का तृतीय चरण

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) भर्ती 2019 के पदों के लिए साक्षात्कार का तृतीय चरण 7 एवं 8 दिसंबर 2023 को आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि तृतीय चरण में 108 अभ्यथिर्यों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

## प्रीमियम ने मनाया संस्कार निर्माण दिवस

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब प्रांत 3233 ई 2 के प्रांतपाल लायन डॉ संजीव जैन द्वारा संस्कार दिवस मनाए जाने की घोषणा से लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम द्वारा संस्कार निर्माण पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बेटी बचाओ की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं संस्कार पूर्ण रूप से वैज्ञानिक कसौटी से कसे हुये जीवन शैली को अत्यन्त सुगम बनाने की शक्ति रखते हैं। इसी संदर्भ में उपप्रांतपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री के जन्मदिन को संस्कार निर्माण दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं।

क्लब द्वारा अर्जुन लाल सेठी नगर स्थित बल्यू केसर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल संस्कार शिविर लगा कर भारतीय पारंपरिक त्योहार एवम उनकी वैज्ञानिक उपयोगिता एवम संस्कार निर्माण पर सेमिनार डिबेट करवाई गई। साथ ही शिष्टाचार,सामान्य ज्ञान, स्वास्थ्य, संयुक्त परिवार, पारंपरिक रीति रिवाज पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर बच्चो में संस्कार निर्माण पर जोर दिया। प्रतिभागियों में से 9 बच्चों को सर्वश्रेष्ठ, उत्कृष्ठ, सराहनीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 150 बच्चों ने भाग लिया।

## 150 परिवारों को वितरण की खाद्य सामग्री



विदेशी स्पेन मारिसा,जोहान बेनेडिक्ट आदि ने जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के पैकेट बांटे।

**पुष्कर,** (निसं)। सामाजिक सरोकार से जुड़ी पुष्कर की फाउंडेशन फियोर दी लोटो संस्था ने आज शुक्रवार को जरुरतमंद 150 परिवारों को दिसंबर माह की खाद्य सामग्री वितरण की । इस मौके पर संस्था से जुड़े विदेशी स्पेन मारिसा,जोहान बेनेडिक्ट समेत कार्यकर्ता गोविन्द प्रसाद ने जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरण किए। फीयोर दी लोटो संस्था के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप महर्षि उर्फ दीपू महर्षि ने बताया कि खाद्य सामग्री के पैकेट में 10 किलो आटा 1 किलो तेल,1 किलो बेसन, मिर्च मसाला समेत पूरे माह का खाद्य सामग्री पैकेट दिए । गौरतलब है कि फाउंडेशन फियोर दी लोटो संस्था सामाजिक सरोकारों के साथ साथ पुष्कर करीब साढ़े पांच सौ बालिकाओं को कक्षा 1 से कॉलेज तक निशुल्क शिक्षा देने का अहम कार्य कर रही है । इसके अलावा संस्था गरीब और जरूरतमंद लोगों को आवासीय पेयजल चिकित्सा सुविधा मुहैया करा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की समीक्षा

**ब्यावर,** (निसं) आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आमजनों को उनके सुलहनीय वादों के त्वरित निष्पादन हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में संगीता शर्मा, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर द्वारा ब्यावर मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारीगण के साथ समीक्षा बैठक की। जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारीगण द्वारा चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा की गई और अधिक से अधिक प्रकरणों के निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये। विशेष तौर से दस लाख रूपये तक के प्रत्येक चैक अनादरण के लंबित प्रकरणों में पक्षकारान के मध्य समझाईश करवाने के निर्देश दिये। जिला न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन और इसके लाभ से आम जनमानस को जागरूक किया जाए।


**पर्यावरण स्वीकृति सूचना**

एमएल नं. 56/2022 खनिज ग्रेनाईट, क्षेत्रफल 2.2956 हैक्टेयर, खसरा संख्या 594, 596, 593, 595, 1147/605, 1154/605, 592, 586, 591, 604, 588, 606, 608, 607, 585, 587, 589, 590 राजस्व ग्राम एकलसिंगा, तहसील केकडी, जिला केकडी उत्पादन क्षमता 2,12,956.8 TPA ROM पटटेधारी श्री नरेन्द्र भाकर, पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक F1 (4) / SEIAA / SEAC-Raj/Sectt/ Project/ Cat. B1 (23433) / 2022-23 दिनांक 17.11.2023 SEIAA जयपुर द्वारा की गई है।

श्री नरेन्द्र भाकर खनन पटटेधारी

**NAME CHANGE**

I, MADHUMITA Spouse of No. JC-304216X Rank Sub (OFC) Gokul Chandra Ghosh resident of Vill & Post : Chotobathan, Tehsil: Lalbagh, Distt: Murshidabad, West Bengal, PIN 742104, have changed my name from MADHUMITA to MADHUMITA GHOSH vide Affidavit No BL 424944 dated 01December 23 before court campus, Nasirabad


## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ निपुण मेले का आयोजन

■ निपुण मेले में निशाना लगाना, जलेबी लटकन, नींबू दौड़ म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, कविता,कहानी एवं मानसिक संबंधी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

**मसूदा,** (निसं)। पीईईओ भगवान सहाय जारोडिया की अध्यक्षता में आयोजित निपुण मेले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्था प्रधान रेणु सैनी व मेला प्रभारी रामराज मीणा एवं प्रतियोगी मौजूद रहे। विद्यालयी बच्चों के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक बौद्धिक एवं भाषायी सहित सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा विभाग के नवाचार की एक महत्वपूर्ण पहल के अन्तर्गत ब्यावर जिले के मसूदा के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय क्षेत्राधिनअँधेरी देवरी केराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेले का आयोजन किया गया। अंधेरी देवरी पीईईओ भगवान सहाय जारोडिया की अध्यक्षता में आयोजित निपुण मेले में पीईईओ परिक्षेत्र के विद्यालयों के विद्याथिर्यों ने विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शिक्षा विभाग की नवाचारी पहल के तहत बच्चों के सम्पूर्ण विकास सामाजिक, मानसिक, शारीरिक बौद्धिक एवं भाषायी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण के अन्तर्गत निपुण मेले में निशाना लगाना, जलेबी लटकन, नींबू दौड़ म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, कविता,कहानी एवं मानसिक संबंधी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई।

विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बालक बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर माला पहनाकर व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर व पेंटिंग में बालिका अंधेरी देवरी विद्यालय की छात्रा कविता व अवंतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशाना लगाना प्रतियोगिता में गैना रामपुरा विद्यालय का मुबारक व बालिका विद्यालय की वर्षा ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नींबू दौड़ प्रतियोगिता में गैना रामपुरा व सरकाना के विद्याथिर्यों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा विभाग के नवाचार की इस महत्वपूर्ण पहल के अन्तर्गत आयोजित निपुण मेले के आयोजन के दौरान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्था प्रधान रेणु सैनी, आशुतोष दाधीच, शाइस्ता सुल्ताना, गिरधारी लाल नवाल भानु प्रताप, ईश्वर लाल, निपुण मेला प्रभारी रामराज मीना,पूजा सोलंकी, अधीनस्थ विद्यालयों के प्रभारी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी लाल ने किया गया।

## 'लम्बित भुगतान का दावा 10 तक करें'

**अजमेर,** (कासं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान विभिन्न कायी यथा वाहन किराया, पेट्रोल एवं डीजल, फमी के बिल, पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के टीए एवं डीए बिल जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर एवं अतिरिक्त अन्य किसी अधिकारी एवं कार्मिक की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी हो एवं नियमानुसार यात्रा भत्ता देय हो तो अपना भुगतान दावा सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रकोष्ठ प्रभारी को 10 दिसम्बर तक आवश्यक रूप से जमा कराए।

सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी प्राप्त बिलों की जांच एवं प्रमाणित कर पत्रा के साथ चुनाव की लेखा भुगतान प्रकोष्ठ एवं कार्यालय की लेखा शाखा को तुरन्त भिजवाए। इससे सम्बन्धित को भुगतान की कार्यवाही की जा सकेगी। साथ ही सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रकोष्ठ प्रभारी यह सुनिश्चित करे कि उनसे सम्बन्धित समस्त बिल एवं भुगतान दावा प्राप्त हो गए है।

## चुनाव परिणाम में संजीव माहेश्वरी उपाध्यक्ष नियुक्त



संजीव माहेश्वरी।

**अजमेर,** (कासं)। 2024-2027 के लिए एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया, फिजिशियन रिसर्च फाउंडेशन और इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन के चुनाव के परिणाम जारी हुए है। जिसमें एपीआई राष्ट्रपति चुनाव डॉ. ज्योतिर्मय पाल, बैरकपुर - निर्विरोध उपाध्यक्ष डॉ. एम. पी. एस. चावला, नई दिल्ली - निर्विरोध चुने गए।शासी निकाय के सदस्य - (छह पद) डॉ. निहार मेहता, मुंबई, डॉ. आदित्य प्रकाश मिश्रा, नई दिल्ली, डॉ. नंदिनी चटर्जी, कोलकाता, डॉ. गौतम भंडारी, जोधपुर, डॉ. ए.के. गुप्ता, आगरा, डॉ. एल. श्रीनिवास मूर्ति, बेंगलुरु, फिजिशियन रिसर्च फाउंडेशन निदेशक-चुनाव परिणाम में डॉ. ए. मुरुगनाथन, तिरुपुर - निर्विरोध बोर्ड सदस्य (दो पद), डॉ. देवेन्द्र प्रसाद सिंह, भागलपुर, डॉ. -पुनीत रिझवानी, जयपुर, आईसीपी डीन चुनाव डॉ.कमलेश, तिवारी, मुजफ्फरपुर- निर्विरोध महाविद्यालय का उपाध्यक्ष डॉ संजीव माहेश्वरी, अजमेर निर्विरोध चुने गए। संकाय परिषद के सदस्य डॉ. मुनीश प्रभाकर, गुरूग्राम 2. डॉ. एस. श्रीनिवास कामथ, कोच्चि 3. डॉ. ई. प्रभु, चेन्नई 4. डॉ. शेखर चक्रवर्ती, सिलीगुड़ी, डॉ मिलिंद नाडकर सदस्य के पद पर नियुक्त हुए।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम चौरसियावास के आवासीय/व्यावसायिक खसरा संख्या 1580 क्षेत्रफल 300.00 वर्ग गज के आवंटी / अन्तरिति जिला श्रीमती हंसा कँवर पत्नी श्री पाबुदान सिंह निवासी मोखमपुर, प.स. मकराना, जिला डीडवाना-कुचामन की मृत्यु दिनांक 18.11.2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्री पाबुदान सिंह पुत्र स्व श्री हनुमंत सिंह चारण 2. श्री अजीत सिंह रतनु पुत्र श्री पाबुदान सिंह 3. श्री दुर्गादान पुत्र श्री पाबुदान सिंह निवासी गाँधी नगर ग्राम चौरसियावास, अजमेर 4. श्रीमती सज्जन कँवर पुत्री श्री पाबुदान सिंह निवासी पदमावती कॉलोनी, श्याम नगर, जयपुर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती सज्जन कँवर पुत्री श्री पाबुदान सिंह निवासी पदमावती कॉलोनी, श्याम नगर, जयपुर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 31.08.2022 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## श्री वर्धमान स्थानकवसी जैन श्रावक संघ के नवनिर्मित होने वाले भवन का नींव मुहूर्त आज



नवकार मंत्र के जाप के साथ नींव का मुहुर्त एवं प्रवचन होगा।

**अजमेर,** (कासं)। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ (रजि.) लाखन कोटड़ी व बी.के.कौल अजमेर के तत्वावधान में नवनिर्मित होने वाले भवन का बी.के.कौल स्थित स्थान पर नीव मुहुर्त जन-जन के आस्था केन्द्र पूज्य गुरूदेव 1008 श्री मरूधर केसरी श्री मिश्रीमल जी म.सा.. लोकमान्य संत शेरे राजस्थान पूज्य गुरूदेव श्री रूपचंद जी म.सा. के आज्ञानुवर्ति युवा तपस्वी परम श्रद्धेय श्री मुकेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा 5 के पावन सानिध्य एवं संघ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में भवन की मुहूर्त शिला रखी जायेगी। प्रात: 8-15 बजे नवकार मंत्र के जाप के साथ नींव का मुहुर्त एवं प्रवचन होगा।

संघपति विनोद ढ़ाबरिया व सहमंत्री संदीप चपलोत ने बताया कि स्व. चिंरजीलाल करनावट की पुण्य स्मृति में धर्मपत्नि पारस कंवर एवं उनके सुपुत्र ताराचंद राजेन्द्र कुमार सुभाष करनावट परिवार अजमेर नीव मुहूर्त एवं वात्साल्य भोज के लाभार्थी होगें।

महामंत्री भागचन्द मांडोत ने बताया कि समाज के सभी वर्गो एवं भामसाहो से तन.मन.धन से सहयोग प्राप्त कर इस भवन का निर्माण कराया जायेगा। इस 6 मंजिला नवीन भवन में 2 प्रवचन हॉल.2 भोजनषाला. मिनी हॉल. प्रसासनिक ब्लॉक. लिफ्ट लाबी सहित लगभग 100 कमरे आधुनिक सुविधाओं सहित बनाना प्रस्तावित किया गया है। इस कार्यक्रम में अजमेर के समस्त स्थानकवासी जैन समाज जिनमें प्रमुख रूप से श्रीसंघ बी.के.कौल नगर पण्डाल. श्रीसंघ महावीर भवन नवकार कालोनी, श्रीसंघ वैशाली नगर, श्रीसंघ आदर्श नगर, श्रीसंघ मसूदा हवेली मदार गेट.स्वाध्याय भवन पुष्कर रोड़. श्री प्राज्ञ भवन अरिहन्त कालोनी. समता भवन फायसागर रोड़, श्रीगुरू हगामी लाल जैन छात्रावास पुष्कर रोड़ एवं रांका स्वाध्याय भवन महावीर कालोनी प्रमुख रूप से सभी सदस्यो सहित सम्मिलित होगें।इस अवसर पर समाजसेवी महावीर चौधरी भीलवाड़ा मुख्य अतिथि एवं अरविन्द खीचा एवं शम्भूसिंह चौरड़िया, किशनगढ़ विशिष्ट अतिथि होगें।

## शातिर महिलाओं ने उड़ाई सोने की चेन

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के गले से चैनस्नेचिंग गिरोह की शातिर महिलाओं ने चेन तोड़कर फरार हो गई। वारदात उस समय अंजाम दी गई जब पीड़ित महिला ऑटो से उतर रही थी। पीड़ित महिला के पति ने क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। चैनस्नेचिंग की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के गगवाना सुधर्म सागर कॉलोनी निवासी कपूरचंद जैन ने बताया कि शुक्रवार को अपनी पत्नी प्रमोद देवी जैन के साथ खून की जांच करवाने के लिए शारदा लैब ऑटो में जा रहे थे, ऑटो में तीन महिलाएं और सवार थी। पीड़ित ने बताया कि ऑटो से उतरते वक्त एक महिला ने उसकी पत्नी का पैर दबा दिया और वह नीचे झुकी तब उसकी चेन काट ली। चैन का वजन लगभग 15 ग्राम था। वह जब ऑटो से उतरे तो बाद में उन्हें उनकी चेन नहीं मिली। पीड़िता महिला के पति ने क्रिश्चियन गंज थाना रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**

**कब्जा नोटिस**

**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 04.01.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. मै. जी.एम. टैक्सटाइल्स, 2. मोहित कुमार गोयनका, 3. तारा देवी गोयनका को जारी किया गया था, जिसमें 30.12.2022 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 43,38,001.00/- (तियालीस लाख अडतीस हजार एक रूपये मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज नवम्बर 2023 के 28वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 43,38,001.00/- (तियालीस लाख अडतीस हजार एक रूपये मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

सम्पत्ति-1-आफिस/दुकान नं. 148, पहली मंजिल, क्षेत्रफल 10 फिट x 23.6 फिट (236 वर्ग फिट), मुरली टेक्सटाइल मार्केट, गाँधी नगर, भीलवाडा, राजस्थान-311001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आफिस नं. 121, पश्चिम-कोरीडोर 8 फिट चौडा, उत्तर-आफिस नं. 149, दक्षिण-आफिस नं. 147

सम्पत्ति-2- आफिस/दुकान नं. 149, पहली मंजिल, क्षेत्रफल 10 फिट x 23.6 फिट (236 वर्ग फिट), मुरली टेक्सटाइल मार्केट, गाँधी नगर, भीलवाडा, राजस्थान-313001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आफिस नं. 120, पश्चिम- कोरीडोर 8 फिट चौडा, उत्तर-आफिस नं. 150, दक्षिण-आफिस नं. 148

दिनांक- 28 नवम्बर 2023

स्थान-गाँधी नगर

ऋण खाता संख्या-10057925630 और 10043311875

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)